# भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को किया खण्डित, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

**कामां ( निस )।** कामां कस्बां में एक बार फिर 18 दिन बीतने के बाद डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित कर दिया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना देर रात 2 बजकर 26 मिनट की है। बीती रात को दो युवक अंबेडकर पार्क पर आए और जिसमें एक युवक अपने मूंह पर गमछा बांधकर अपनी पहचान छुपाते हुए पार्क की दीवार को कूद आया और पत्थर से प्रतिमा की उंगली तोड़कर फरार हो गया। वहीं इस घटना को लेकर सांसद संजना जाटव ने कडी निन्दा करते हुए आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। इस मौके पर सांसद संजना जाटव ने भाजपा सरकार को दलित विरोधी बताया। इस घटना की सूचना मिलने पर जाटव समाज एकत्रित हो गए और अम्बेडकर पार्क पर अवरोधक व टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। जहां आग को बुझाने के लिए अम्बेडकर पार्क पर पहुंची नगर पालिका की दमकल पर भी प्रदर्शनकारियों ने पथराव कर भगा दिया। और दमकल को क्षितग्रस्त कर दिया। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को पुलिस प्रशासन ने मामला शांत कराया। यहां से फिर प्रदर्शनकारी कस्बां के दिल्ली बाईपास चौराहा पर पहुंचकर


जाटव समाज एकत्रित होकर अम्बेडकर पार्क पर अवरोधक व टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन करते हुए कामां कोसी मार्ग पर जाम लगा दिया। जहां जुरहरा थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह राजावत ने प्रदर्शनकारियों से समझाईश करते जाम खुलवा दिया। वहीं कामां के एएसपी सतीश यादव,डीग के एएसपी गुमनाराम,डीग के एडीएम संतोष कुमार मीणा,पहाडी एसडीएम सुनीता यादव,कामां सीओ धर्मराज चौधरी,कामां थाना प्रभारी मनीष शर्मा सहित कामां तहसीलदार मामराज शर्मा मामले को शांत कराने का प्रयास करते रहे। वहीं इस घटना को लेकर डीग के एसपी राजेश कुमार मीणा कामां में ही कैम्प किए हुए है। वहीं पुलिस ने आस पडोस के सीसीटीवी कैमरों को खंगालते हुए पूछताछ के लिए कस्बां के पांच युवकों को हिरासत में लिया है। कस्बां के अम्बेडकर पार्क में हाल ही में 23 अगस्त को लगाई गई डा.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को बीती रात करीब 2 बजकर 26 मिनट पर दो युवक पार्क के बाहर पहुंचे। उसमें से एक युवक पार्क के बाहर खड़ा रहता। दूसरा युवक अपने मूह पर गमछा लगाकर पार्क की दीवार फांदकर पार्क के अंदर कूदा। युवक के हाथ में पत्थर था। उसने पत्थर से अंबेडकर की प्रतिमा की उंगली तोड़ी और फरार हो गया। सुबह जब इसके बारे जाटव समाज के लोगों को पता लगा तो घटना से नाराज लोग अंबेडकर पार्क में इकट्ठे हुए। जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने अम्बेडकर पार्क के सामने जुरहरा रोड पर सुबह 8 बजे अवरोधक लगाकर व टायर जलाकर जाम लगाकर दिया। जहां आग को बुझाने के लिए पहुंची नगर पालिका की दमकल पर प्रदर्शनकारियों ने पथराव कर दिया।

जिससे उसके शीशे टूट गए। और इस पथराव में दमकल के चालक रामवीर सिंह व फायर मैन सियाराम गुर्जर चोटिल हो गए। और दमकल को लेकर अपनी जान बचाते हुए भाग गए। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने कस्बां के दिल्ली बाईपास चौराहा पर पहुंचकर घटना का विरोध जताते हुए कोसी मार्ग पर अवरोधक डालकर जाम लगा दिया। और जमकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके बाद जुरहरा थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह राजावत ने लोगों समझाईश की और अब प्रदर्शनकारी अम्बेडकर पार्क में धरना देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। प्रशासन लगातार समझाइश की कोशिश में लगा हुआ है। डीग के एसपी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है। और शीघ्र ही आरोपियों को पकड लिया जाएग

## जांच शिविर में 81 छात्राओ की हुई जांच

**गंगापुर सिटी ।** भारत विकास परिषद शाखा कुशलगढ का सांस्कृतिक सप्ताह के तहत तृतीय दिवस पर एनीमिया उन्मूलन एवं हीमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन अग्रवाल बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया गया।

प्रकल्प प्रभारी मुकुल गुप्ता ने बताया कि सांस्कृतिक सप्ताह के तहत विद्यालय की 9वी 10वीं एवं 11वीं कक्षा की छात्राओ का हीमोग्लोबिन जांच की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भगवान सहाय गुप्ता अडुदा विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य बाबूलाल शर्मा एवं शाखा के अध्यक्ष विष्णु,सचिव आनंद एवं प्रांतीय पदाधिकारी दिवानचंद खंडूजा ने दीप प्रज्वलित कर वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी पुष्पेंद्र मित्तल ने बताया कि गंगापुर सिटी अस्पताल की टीम के द्वारा जांच शिविर लगाया गया।

डॉक्टर विजेंद्र गुप्ता एवं उनकी जांच टीम द्वारा 81 छात्राओं की जांच की गई जिसमें 8 छात्राओ का हीमोग्लोबिन 9 से नीचे पाया जिन छात्राओं का हीमोग्लोबिन कम था उनको डॉ गुप्ता ने सलाह देते हुए कहा कि हरी सब्जियां एवं फल और सारी सब्जियां लोहे के बर्तन में बनाई जावे जिससे हीमोग्लोबिन ठीक हो सके और अन्य जानकारियां देकर अवगत कराया गया।

## सार-समाचार

### जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**भरतपुर ( निस )।** जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग द्वारा जिले में 58वें अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रमों की श्रंखला में 'आपसी समझ और शांति के लिए बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देना' थीम पर सोमवार को एसबीके सीनियर सैकण्डरी विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी श्याम सिंह एवं विशिष्ट अतिथि जिला साक्षरता अधिकारी मनोज कुमार ने की। कार्यक्रम के अध्यक्ष अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शिक्षा की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका है यह दिवस साक्षरता के महत्व और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने एवं साक्षर व्यक्ति को न केवल पढ़ने-लिखने में सक्षम बनाती है बल्कि उसे समाज में अपनी भूमिका समझाने और जीवन में नये अवसरों का लाभ उठाने में मदद करती है। उपनिदेशक महिला अधिकारिता राजेश कुमार ने बताया कि शिक्षा से ही समाज व राष्ट्र का निर्माण हो सकता है साथ ही छात्राओं को साक्षर होने के साथ ही डिजिटल साक्षर होना भी अतिआवश्यक है। उन्होंने विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्राओं के द्वारा चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को चित्रकला में कीर्ति, प्रियंका, अमृता एवं भाषण प्रतियोगिता में तनिष्का, हिमांशी, अनुशिका को मूमेंटों प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। अध्यापिका उमा चौधरी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में जेंडर स्पेशलिस्ट पूजा बशुमति, आई.एम.शक्ति केन्द्र प्रशासक नीरज कुंतल एवं ज्योति चौधरी उपस्थित रहे।

### लेडीज बर्ड शोरूम का उद्घाटन

**भरतपुर ( निस )।** जयंती टावर, चांदपोल चौराहा, भरतपुर स्थित लेडीज वर्ड शोरूम का वयोवृद्ध समाजवादी नेता एवं पूर्व सांसद पंडित रामकिशन के मुख्य आतिथ्य में उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में आयुर्वेद विभाग के सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेशक मुकुट शर्मा, समता आन्दोलन के जिलाध्यक्ष केदार नाथ पाराशर व अन्नपूर्णा रसोई के संचालक विष्णुदत्त शर्मा मौजूद रहे।

## अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 9वें दिन भी जारी

**भरतपुर ( निस )।** सोमवार को लगातार 9वें दिन भी ठगी पीडित जमाकर्ता परिवार के द्वारा जिला कलेक्ट्रेट के समक्ष अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहा।

इस मौके पर ठगी पीडित जमाकर्ता परिवार संगठन के अध्यक्ष रमेश चन्द शर्मा ने बताया कि संसद ने सर्वसम्मति से वर्ष 2019 में अनियमित जमा योजनाएं पाबन्दी कानून 2019 बनाकर ठग सोसायटीज में डूबी हुई जमा राशि को पीडित आवेदक को 180 दिन में जमा राशि के दो से तीन गुणा वापस दिलाने का कानूनी अधिकार दिया था। संसद और सरकार ने कानून बनाकर जनता को यह विश्वास दिलाया था कि सरकार उनका डूबा हुआ ठगा हुआ धन वापस करेगी और दोषी संचालकों को दण्डित करेगी। लेकिन कानून बने 5 वर्ष बीत जाने के बाद भी संघ और राज्यों ने कानून के अंतर्गत पीडितों से न आवेदन आमंत्रित किए और न आवेदन लेने के बाद उनका धन विधिसम्मत रूप से वापस किया। कानून की अवहेलना करते हुए गैर कानूनी रूप से सहारा सीआरसी, सेबी, पर्ल्स जैसे पोर्टल खोलने का झांसा देकर कानून को खत्म करने की साजिश कर रहा है।

जबकि भुगतान न होने के कारण निवेशक और कथित एजेंट साथियों में तनाव बना हुआ है। भुगतान के लिए कई बार प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन दिए जा चुके हैं। लेकिन भुगतान नही हो पा रहा है। जिससे परेशान होकर ठगी पीडित जमाकर्ता परिवार अनिश्चित आंदोलन शुरू करने को मजबूर हुआ है।

## जटनंगला में मॉडल पुस्तकालय का उद्घाटन कार्यक्रम का जिला स्तरीय शुभारम्भ

**सूरौठ ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जटनंगला में मॉडल पुस्तकालय का उद्घाटन एवं प्रखर राजस्थान / रीडिंग कैम्पन कार्यक्रम का जिला स्तरीय शुभारम्भ इन्द्रेश तिवाड़ी मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी- करौली पुष्पेन्द्र शर्मा प्राचार्य- डाइट करौली, कैलाश चंद मीना मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी-हिंडोन, अजय गुप्ता कार्यक्रम अधिकारी राजस्थान शिक्षा परिषद् जयपुर, विक्रम सिंह यूनिसेफ- प्रतिनिधि, हरिओम शर्मा अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी-हिंडौन, रिद्दी चंद जैन अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी-हिंडोन, बिजेंद्र शर्मा एपीसी - समसा करौली, राजेंद्र सिंह मीना पीओ - समसा करौली, के द्वारा किया गया। सेंटर फॉर माइक्रोफाइनेंस एवं राजस्थान शिक्षा परिषद् जयपुर के साझा प्रयास से बच्चो में पढने की आदत का विकास, पठन कौशल का विकास करने के लिए राजस्थान स्कूल पुस्तकालय संवर्धन परियोजना संचालित की जा रही है , सेंटर फॉर माइक्रोफाइनेंस हिंडोन, टोडाभीम ब्लॉक में बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान, पूर्व प्राथमिक शिक्षा, पुस्तकालय संवर्धन का कार्य किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जटनंगला (हिंडोन) में मॉडल लाइब्रेरी बनाई गई है। मॉडल पुस्तकालय में रीडिंग कॉर्नर, गपशप कॉर्नर, गतिविधि कॉर्नर, पुस्तक अस्पताल कॉर्नर, थीम बैस मुख्य दीवार पेंटिंग बनाई गई एवं 385 कहानियों की पुस्तकें एवं फर्नीचर उपलब्ध कराया गया है ,राज. शिक्षा परिषद् जयपुर द्वारा विधार्थियों में पढने के प्रति अभिरूचि एवं पठन कौशल विकसित करने हेतु प्रखर राजस्थान कार्यक्रम का आयोजन कक्षा 1 से 8 में अध्ययनरत विद्यार्थियों कक्षा कक्षीय प्रकियाओं के दौरान किया जाना है। इस कार्यक्रम का आयोजन 9 सितम्बर से 2 अक्टूबर 24 किया जाना है । इस कार्यक्रम का जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारम्भ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जटनंगला (हिंडोन) में किया गया हिंडोन ब्लॉक के सभी पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी ( ) की बैठक कर, जयपुर एवं जिला स्तरीय अधिकारियो द्वारा प्रखर राजस्थान कार्यक्रम के बारे में जानकारी एवं महत्वपूर्ण पहलुओ पर चर्चा की । रीडिंग पीरियड के दौरान बच्चों के साथ पठन गतिविधयों का आयोजन एवं अवलोकन किया । कार्यक्रम का संचालन विकास कुमार प्रधानाचार्य-जगर, के द्वारा की गई इन्द्रेश तिवाड़ी मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी- करौली ने कहा कि प्रतिदिन 7 वे कालांश रीडिंग पीरियड में विद्यालय के सभी बच्चों एवं शिक्षकों को पुस्तकालय की पुस्तकों पढना है । नियमित रीड ए थान गतिविधि का आयोजन करे । रीडिंग पीरियड के दौरान बच्चों के साथ कविता गायन किया, अजय गुप्ता कार्यक्रम अधिकारी- राजस्थान शिक्षा परिषद् जयपुर ने अपने संबोधन में कहा कि रीडिंग पीरियड में किसी तरह से भी पेन पेन्सिल का उपयोग नही करना है, बच्चो को सिर्फ ज्यादा से ज्यादा पुस्तकालय पुस्तकें पढने का अवसर देना है ।

## अशोक ताम्बी का जन्म दिन मनाया

**भरतपुर ( निस )।** जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सांसद कार्यालय पर सांसद संजना जाटव की जनसुनवाई में पंहुचें कांग्रेस प्रवक्ता अशोक ताम्बी के जन्म दिन के उपलक्ष्य में कांग्रेसियों के द्वारा उनके दीर्घायु होने की कामना की और जन्म दिवस की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सांसद संजना जाटव की मौजूदगी में कांग्रेसियों के द्वारा प्रवक्ता अशोक ताम्बी से जन्म दिन के उपलक्ष्य में बर्थडे केक कटवाया गया। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी, दिगम्बर खटाना, अवधेश त्रिगुणायत, सतीश सोगरवाल ने अशोक ताम्बी का साफा व दुपट्टा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया।


CHANDRAWATI GURUKUL GIRLS TT COLLEGE
Vamanpura, Sewar, Bharatpur

Application invites for Principal (10 Yrs. Exp.)
Asstt. Prof., Lecture for Hindi, English, Sanskrit, Social Study, Pol. Science, Geography, Economics, Music, Drawing, Home Science, Maths, Gen. Science, Physics, Chemistry, Biology, Commerce, Physical Education, Computer.
Qualification : M.Sc./M.Com/MA, M.Ed., MCA, BCA, PGDCA 55% & NET/Ph.D.
Non-Teaching : Accountant, Clerk, Librarian, Lab Asstt., Computer Operator, Peon, Gardner, Guard.

Walk in 11, 12 & 13 Sept., 2024 (11AM to 4PM)
Venue : College Campus
Need original documents & photocopies, Resume, PAN, Aadhar.
Salary as per UGC Norms
Mail : cggttc@gmail.com
M. : 9785390290, 7878193109


## तेजराम मीना ब्लॉक अध्यक्ष एवं सियाराम बने महामंत्री

**करौली( नि.स. )।** राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर ब्लॉक करौली के चुनाव संपन्न हुए शिक्षक संघ अम्बेडकर के प्रवक्ता गंगाराम प्रजापत एवं विष्णु मंडल जिला महामंत्री ने बताया कि राउमावि करौली में राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर के करौली ब्लॉक कार्यकारणी के चुनाव सर्व सम्मति से निर्विरोध संपन्न हुए। चुनाव कार्यक्रम के सभा अध्यक्ष शैलेन्द्र बागौरिया प्राचार्य,चुनाव पर्यवेक्षक घनश्याम जाटव प्रधानाचार्य, चुनाव अधिकारी घनश्याम मीना उप प्रधानाचार्य की देख रेख में संपन्न हुआ जिसमें करौली ब्लॉक संरक्षक पदम सिंह जाटव सभा अध्यक्ष, को चुना गया।

## भजन संध्या का हुआ आयोजन

**मेंहदीपुर बालाजी ।** जिले के मेहंदीपुर बालाजी में पंजाब के बुढलाडा से श्री बालाजी यात्रा संघ के तत्वाधान में आए श्रद्धालुओं ने रविवार रात कस्बे में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया।भजन संध्या में आए भक्तों ने भजनों की ताल पर झूमकर लोकप्रिय भजनों का जमकर आनंद लिया।इस दौरान बड़ी संख्या में बालाजी महाराज के भक्तों ने भगवान के भजनों का रसपान किया।वहीं भजन संध्या से पहले रविवार दोपहर को श्रद्धालुओं ने अंजनी माता मंदिर से बालाजी मंदिर तक एक किलोमीटर की पैदल यात्रा निकाली।जिसमें प्रसिद्ध भजन सम्राट कन्हैया मित्तल ने भी भाग लिया था। इसमें बड़ी संख्या में पंजाब, दिल्ली और हरियाणा से आए भक्तों ने भी भाग लिया। इस दौरान बैंड बाजा और ढोल नगाड़ों की धुन पर नाचते गाते हुए श्रद्धालु बालाजी मंदिर पहुंचे।जहां उन्होंने बालाजी महाराज को लाल पताका चढ़ाई। इस भव्य भजन संध्या के आयोजन के लिए पंजाब से आए आयोजनकर्ता कई दिनों से तैयारियों में लगे हुए थे।इस दौरान भजन पांडाल स्थल के 500 मीटर के क्षेत्र को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाकर भव्य स्वरूप दिया गया।साथ भजन संध्या के लिए भव्य पांडाल बनाया गया।इसमें बालाजी महाराज की बाल स्वरूप मनमोहक झांकी सजाई गई।राम परिवार और खाटूश्याम की दिव्य झांकियां भी सजाई गईं।इस दौरान सभी भक्तों ने बालाजी महाराज की झांकी के दर्शन लाभ लिए।

प्रसिद्ध कलाकारों ने भजनों ने बांधा समां: वहीं, रात 10 बजे बाद भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें प्रसिद्ध भजन सम्राट कन्हैया मित्तल ने भजनों की रंगा-रंग प्रस्तुतियां दी। ऐसे में कन्हैया मित्तल के मुखारबिंद से भजन सुनकर पांडाल में मौजूद श्रद्धालु खुद को थिरकने से नहीं रोक पाए। इसके साथ ही देश के कोलकाता, बरेली, पंजाब सहित अन्य जगह से आए प्रसिद्ध कलाकारों ने बालाजी महाराज के भक्तों को भक्तिमयी भजनों का राशपान कराया।

जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे : इस दौरान भजन सम्राट कन्हैया मित्तल ने, एक फिर से जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे, भजन की प्रस्तुति दी। साथ ही अन्य कलाकारों ने मधुर भजन हारे के सहारे आजा, दुनिया चले न श्रीराम के बिना.., श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम की जैसे लोकप्रिय भजनों की भावनात्मक प्रस्तुतियां दीं।

## निरीक्षण मे अधिकारी कर्मचारी मिले अनुपस्थित

**करौली ( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने सोमवार को कार्यालय समय पर विभिन्न कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रट के विभिन्न प्रकोष्ठों, डीएसओ कार्यालय,कृषि कार्यालय, श्रम विभाग,सांख्यिकी कार्यालय,डीओआईटी, एसडीएम तथा तहसील कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 28 को

**करौली( नि.स. )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश करौली श्रीमती माधवी दिनकर की अध्यक्षता में 28 सितंबर को जिला मुख्यालय करौली,सपोटरा मुख्यालय, नादौती मुख्यालय एवं तालुका मुख्यालयों हिण्डौन,श्रीमहावीरजी व टोडाभीम पर सभी प्रकृति के विवादों से संबंधित एक दिवसीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन ऑफलाईन के साथ-साथ ऑनलाईन माध्यम से किया जाएगा।

जिला विधिक प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत किसी विषय विशेष के प्रकरणों के लिए सीमित न होकर सभी प्रकार के उपयुक्त प्रकरणों के लिए आयोजित की जावेगी। राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजन से पूर्व पक्षकारों के मध्य प्री-काउंसलिंग की जा रही है।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन में अधिवक्तागण व पक्षकारान भी बढ़ चढ़ कर उत्साह दिखा रहे है क्योंकि लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित प्रकरणों में पूर्व में अदा किये गये न्याय शुल्क की वापसी का भी प्रावधान है। साथ ही लोक अदालत के जरिए निर्णित मुकदमों में अपील वर्जित होने से प्रकरण का अंतिम रूप से भी निस्तारण हो जाता है।


कार्यालय पंचायत समिति सैपऊ ( धौलपुर )

क्रमांक/प.स./लेखा/ई.नि./2024/ दिनांक: 05.09.2024

ई-निविदा सूचना 03/2024-2025

पंचायत समिति परिक्षेत्र में विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमएलए धौलपुर) में पंचायत समिति कार्यकारी ऐजेंसी के तहत कुल 11 संकर्मों के सम्पादन हेतु उपर्युक्त श्रेणी के पंजीकृत संवेदकों से राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 181 के तहत निर्धारित प्रपत्र में अनुमानित राशि लगभग 77.00 लाख हेतु दिनांक 16.09.2024 को समय 10:00 एएम तक ई निविदा आमंत्रित की जाती है, जिनके यूबीएन नम्बर क्रमशः ZDH2425WSRC00273 है।

उक्त कार्यों का दोष निवारण एवम् उनके सुधार (डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड) का उत्तरदायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा। अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। विस्तृत विवरण https://.sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रधान
पंचायत समिति सैपऊ

विकास अधिकारी
पंचायत समिति सैपऊ



कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी करौली

क्रमांक:-प./आब./स्टोर/2024/1214 दिनांक:- 05.09.2024

संविदा वाहन हेतु सूचना

श्रीमान आबकारी आयुक्त, महोदय राजस्थान उदयपुर के आदेश क्रमांक प.5( )सामान्य/सवि. वाहन/आब./नि.दल/2023-24/109 दिनांक 03.09.2024 के द्वारा प्राप्त स्वीकृति अनुसार कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी करौली के लिये कुल 01 बोलेरो न्यू/टी.यू.बी या समकक्ष संविदा वाहन किराये पर लिया जाना है, इच्छुक वाहन मालिक/फर्म/संस्थाऐं/ट्रेवल एजेन्सी इस हेतु सादा कागज पर अपना प्रार्थना पत्र मय आवश्यक कागजात के साथ दिनांक 12.09.2024 को प्रात: 11 बजे तक इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त प्रार्थना पत्र पर उसी दिन दोपहर 01 बजे निर्णय लिया जावेगा। जिसकी शर्ते पोर्टल पर ऑनलाईन उपलब्ध है।

( राणा प्रताप सिंह )
जिला आबकारी अधिकारी
करौली


## सीईएससी राजस्थान को मिला इकोनोमिक टाइम्स अवार्ड



निजी कंपनी सीईएससी राजस्थान को इकोनोमिक टाइम्स अवार्ड से नवाजा गया है।

**भरतपुर ( निस )।** राजस्थान के तीन शहरों में विद्युत वितरण व्यवस्था देख रही निजी कंपनी सीईएससी राजस्थान को इकोनोमिक टाइम्स अवार्ड से नवाजा गया है।

यह अवार्ड सीईएससी राजस्थान को बिजनेस अवार्ड श्रेणी में कंपनी की ओर से विद्युत छीजत नियंत्रण के लिए किए गए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन व पहल के लिए दिया गया है।

बीईएसएल के पीआरओ सुधीर प्रताप सिंह ने बताया कि जयपुर स्थित होटल मैरियट में आयोजित भव्य समारोह में आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी की एसोसिएयट प्रोफेसर वर्षा तनु से यह अवार्ड सीईएससी राजस्थान के सीईओ प्रकाश जोशी, वाइस प्रेसिडेंट अरुनाभा साहा, चीफ आपरेटिंग ऑफिसर शांतनु भट्टाचार्य एवं एडिशनल मैनेजर उपेन्द्र सचन ने संयुक्त रूप से ग्रहण किया। ज्यूरी मेंबर्स में राजस्थान यूनिवर्सिटी के पूर्व वाइस चांसलर प्रो. राजीव जैन, निर्वान यूनिवर्सिटी जयपुर के पूर्व वाइस चांसलर प्रो. अशोक कुमार, इंस्टीट्ययूट आफ चाटर्ड एकाउंटेंट्स आफ इण्डिया के सेंट्रल काउंसलिंग मेम्बर प्रकाश शर्मा, आईआईएमए के चेतन बख्शी, राजस्थान सरकार की पूर्व उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव एवं रिटायर्ड आईएएस डॉ. शुचि शर्मा, बैंक आफ महाराष्ट के पूर्व सीएमडी सुशील मुहनोत, राजस्थान चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं इण्डस्ट्री के प्रेसीडेंट डॉ. के. एल. जैन शामिल थे। गौरतलब है कि सीईएससी राजस्थान के अधीन कोटा, भरतपुर व बीकानेर में क्रमशः कोटा इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड, भरतपुर इलेक्ट्रिसिटी सर्विसेस लिमिटेड एवं बीकानेर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई लिमिटेड विद्युत वितरण का कार्य कर रहीं है।

## हैप्पीनेस प्रोग्राम का सफलतापूर्वक समापन

**गंगापुर सिटी ।** भगवती पैलेस में आयोजित आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वाधान में पांच दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम का सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह आयोजन अध्यात्म गुरु श्री श्री रविशंकर जी की प्रतिष्ठित संस्था आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा विशेष रूप से प्रशिक्षित सीनियर फैकल्टी राजेश भैया द्वारा संचालित किया गया। आयोजन से जुडे हनुमान अग्रवाल नारोली ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को योग, प्राणायाम, और विशेष रूप से सुदर्शन क्रिया के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने के गुर सिखाए गए। सुदर्शन क्रिया में स्वांसों की एक विशिष्ट लय का पालन कर मन और शरीर के संतुलन को बढावा दिया जाता है। शिविर में कुल 58 लोगों ने भाग लिया, जिन्हें विभिन्न मानसिक और शारीरिक परेशानियों से राहत मिली। कई लोगों ने बताया कि उन्हें डिप्रेशन, कमरदर्द, सर्वाइकल, और अनिद्रा जैसी समस्याओं में काफी सुधार महसूस हुआ। इस कोर्स का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर जीवन जीने की कला को सिखाना था। शिविर संचालक लाइफ कोच राजेश भैया द्वारा गंगापुर उपकाराग्रह के कैदियों हेतु भी एक विशेष प्रशिक्षण प्रोग्राम चल कर उन्हें घृणा, क्रोध, कुंठा जैसी भावनाओं से दूर रहकर जीवन जीने की कल का प्रशिक्षण दिया गया जिससे कि उन कैदियों के जीवन में सुधार आवे। इस तरह के आयोजनों से लोगों को आत्मिक शांति और स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है, और इसे सभी उम्र के लोगों द्वारा सराहा जा रहा है। कार्यक्रम में डॉ राजेंद्र शास्त्री, सभापति शिवरतन गुप्ता, कृष्ण कुमार गोयल, मनीष सागवान, पंकज मंगलम, सौरभ बरडिया, डॉ मनोज जैन, डॉक्टर रश्मि जैन, डॉ शैल शास्त्री, शिवम जांगिड, गंगा प्रसाद एडवोकेट, भावना गोयल, प्रिया अग्रवाल, देवेश पितलिया सहित कई लोगों ने लाभ उठाया।

## विशाल जागरण एवं भंडारा 12 को

**गंगापुर सिटी ।** मां गुमानो बिजासनी देवी सेवा समिति (करणपुर वाली) गंगापुर सिटी के तत्वाधान में आज मंगलवार को दोपहर 1 बजे पुरानी अनाज मंडी स्थित सीताराम जी मन्दिर से पूजा अर्चना के बाद गाजे-बाजे से गंगापुर सिटी से करणपुर के लिए पदयात्रा रवाना होगी। समिति के अध्यक्ष महेश शर्मा ने बताया कि पदयात्रा 1 बजे पुरानी अनाज मंडी से रवाना होगी, पदयात्रा का प्रथम रात्रि विशाम कुडगांव के विद्या मैरिज गार्डन में होगा, शुक्रवार 11 सितंबर को सुबह माथुर वैश्य धर्मशाला कैलादेवी में पहुचगी व रात्रि विश्राम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लकरूकी में रहेगा। यात्रा संयोजक हरकेश पटवारी ने माता रानी के सभी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पदयात्रा में शामिल होने का आग्रह किया।


कार्यालय नगर परिषद, करौली ( राज. )

क्रमांक:-न.परि.क./निविदा/2024/1714 दिनांक:- 09.09.2024

संशोधित निविदा सूचना

नगर परिषद करौली की निविदा सूचना संख्या 1632 दिनांक 03.09.2024 के द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना में नगर परिषद क्षेत्र करौली की स्ट्रीट लाईटों के मेंटीनेंस और रिपेयरिंग कार्य हेतु श्रमिकों (सुपरवाईजर, इलेक्ट्रिशियन, नसैनी हैल्पर) को उपलब्ध कराने के कार्य की तिथियों में अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है।

| क्र.सं. | तिथियों का विवरण | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 10.09.2024 समय 3.00 पीएम | 12.09.2024 समय 3.00 पीएम |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि | 10.09.2024 समय 4.00 पीएम | 12.09.2024 समय 4.00 पीएम |

आयुक्त
नगर परिषद, करौली



कार्यालय नगर परिषद, करौली ( राज. )

क्रमांक:-न.परि.क./निविदा/2024/1711 दिनांक:- 09.09.2024

संशोधित निविदा सूचना

नगर परिषद करौली की निविदा सूचना संख्या 1642 दिनांक 03.09.2024 के कार्य नगर परिषद क्षेत्र करौली की स्ट्रीट लाईटों के मेंटीनेंस और रिपेयरिंग कार्य के लिए आवश्यक सामान (एल.ई.डी. ड्राईवर वायर, एलईडी, स्विच, एमसीबी, टयूबलाईट आदि) सप्लाई कार्य की तिथिओं में अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है।

| क्र.सं. | तिथियों का विवरण | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 10.09.2024 समय 3.00 पीएम | 12.09.2024 समय 3.00 पीएम |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि | 10.09.2024 समय 4.00 पीएम | 12.09.2024 समय 4.00 पीएम |

आयुक्त
नगर परिषद, करौली

# अवैध रूप से संचालित 28 अवैध मीट की दुकानों नगरी परिषद ने थमाए नोटिस



करौली में अवैध मीट शॉप संचालको को नोटिस थमाता नगरपरिषद का कार्मिक।

**करौली ( नि.स. )।** भाजपा नेता अशोक पाठक की शिकायत पर हरकत में आए जिला प्रशासन ने कार्यवाही करते हुए करौली जिला मुख्यालय पर अवैध रूप से संचालित पाए गए 28 बूचड़खाने एवं कत्ल खानों के संचालकों को नोटिस थमाते हुए भविष्य में बूचड़खाने संचालित नहीं करने के लिए पाबंद किया।

ज्ञात रहे की भाजपा नेता एवं आरटीआई कार्यकर्ता अशोक पाठक ने करौली जिले में अवैध रूप से चल रहे बूचड़खाने एवं कत्लखानों पर सख्ती से रोक लगाने की मुहिम छेड़ रखी है उन्होंने हिंडौन सिटी में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के माध्यम से कार्यवाही करवाते हुए दर्जनों कि संख्या में बूचडखानों को पूरी तरह से बंद करवा दिया गया है इसके अलावा अशोक पाठक ने करौली के सिद्धिविनायक होटल में प्रेस वार्ता कर खुले तौर पर जानकारी देते हुए कहा कि जिला मुख्यालय पर तीन दर्जन से अधिक बूचड़खाने और कत्ल खाने संचालित है जिनके विरुद्ध जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन कार्यवाही नहीं कर रहा है इस मामले को लेकर समाचार पत्रों में खबरें भी प्रकाशित हुई जिसे गंभीरता से लेते हुए करौली जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने जिला पुलिस अधीक्षक सहित नगर परिषद आयुक्त को कार्यवाही करने की बात कही इस मामले में हरकत में आई नगर परिषद प्रशासन ने करौली शहर में अवैध रूप से चल रहे बूचड़खाने और कत्ल खानों का सर्वे करते हुए जिला मुख्यालय पर संचालित पाए गए 28 बूचड़खाने संचालकों को नोटिस थमाए गये है।

नगर परिषद आयुक्त करणी सिंह ने बताया कि जिला मुख्यालय पर अवैध बूचड़खाने संचालकों शोएब पुत्र छोटे निवासी पावर हाउस वाला रास्ता,शकील अहमद पुत्र निजाम होली खिड़कियों से गणेश बाला रास्ता,जाहिद पुत्र असलम हिंडौन गेट मस्जिद के पास,शकीर पुत्र अब्दुल रहमान हिंडौन गेट मस्जिद के पास,मारूफ पुत्र आजम शिव कॉलोनी,साबिर कुरेशी पुत्र घुरसो ढोलीखार,काले कुरेशी लाल बाजार ढोलीखार,रफीक पुत्र मोहम्मद हुसैन लाल बाजार ढोलीखार, गुड्डू पुत्र हाडा लाल बाजार ढोलीखार, शहजाद पुत्र इमामुद्दीन लाल बाजार ढोलीखार, आजम कुरैशी पुत्र अब्दुल रहमान सब्जी मंडी के पीछे,पप्पू पुत्र गुलाम सब्जी मंडी के पीछे,माजिद पुत्र जमालुद्दीन अंबेडकर सर्किल के पास,अलीम पुत्र बशीर अंबेडकर सर्किल के पास,रिजवान पुत्र साबिर मदीना मस्जिद के पास ढोलीखार,लइक पुत्र हनीफ मेले गेट के पास, शहजाद पुत्र अकरम पावर हाउस वाला रास्ता,अंशु पुत्र छोटे पावर हाउस वाला रास्ता, वीर प्रताप शिकारगंज,शाहरुख सब्जी मंडी के पीछे,नईम खान पुत्र मसुदुद्दीन केशव पुरा पुलिया के पास,उमरुद्दीन पुत्र शक्कू वजीरपुर गेट के पास,मुकेश पुत्र कन्हैया डीएफओ ऑफिस के सामने गंगापुर रोड,रफीक पुत्र चंदो होली खिड़कियों से गणेश गेट वाला रास्ता, नवाब पुत्र कल्ला होली खिडकिया से गणेश गेट वाला रास्ता,इमरान पुत्र जफरु होली खिड़कियां, दीन पुत्र आडा होली खिड़कियों से गणेश गेट वाला रास्ता,सद्दाम पुत्र कमाल डीएफओ ऑफिस के सामने गंगापुर रोड को नोटिस देते हुए कहा कि नगर परिषद की अनुज्ञा के बिना ही परिषद क्षेत्र में उक्त बूचड़खाना एवं मीट शॉप का संचालन घनी आबादी क्षेत्र में खुले आम किया जा रहा है जिससे राहगीरों को आने-जाने में बहुत परेशानी होती है इसके अतिरिक्त आप द्वारा पशु वध के उपरांत बचे हुए अपशिष्टों का निस्तारण भी समुचित रूप से नहीं किया जाता है उक्त कृत्य से गंभीर बीमारियां फैलने की आशंका है आपका उक्त कृत्य नगर पालिका अधिनियम के अंतर्गत उलंघनीय एवं दंडनीय है उन्होंने चेतावनी दी है कि तुरंत प्रभाव से 24 घंटे की अवधि के अंदर उक्त बिना अनुमति के अवैध रूप से चल रहे बूचड़खाना एवं मीट शॉप को बंद करना सुनिश्चित करें अन्यथा आपके विरुद्ध नगर पालिका अधिनियम 2009 एवं अन्य सुसंगत नियमों के अंतर्गत विधि संवत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी जिसके आप स्वयं उत्तरदाई होंगे। इधर भाजपा नेता अशोक पाठक की शिकायत के बाद नगर परिषद में अवैध बूचडखाना संचालकों और मीट शॉप संचालकों को मे हडकंप मच गया है और अवैध बूचड़खाना संचालक अपनी-अपनी दुकानों को छोड़कर भूमिगत से होते दिखाई दे रहे हैं।

## आमजन को किया जाएगा जागरूक

**करौली( नि.स. )।** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा जिसमें मानसिक स्वास्थ्य इकाई द्वारा रैली, शपथ और कैंडल मार्च का आयोजन किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश चंद मीना ने बताया कि आत्महत्या रोकथाम और आत्महत्या के प्रयासों में कमी लाने के लिए विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाएगा जिसमें चेंजिंग दा नॉरेटिव ऑन सुसाईड थीम पर एएनएम ट्रेंनिंग सेंटर से रैली निकाली जाएगी जिला अस्पताल में संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा और कैंडल मार्च निकालकर आमजन को आत्महत्या रोकथाम के लिए जागरूक किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मनुष्य जीवन अनमोल है जिसकी रक्षा के लिए हमें जागरूक होना होगा और स्वयं द्वारा जीवन को खत्म करने वालों के आत्मविश्वास को जागना होगा, जिससे आत्महत्या को रोकना संभव पाये।

उन्होंने बताया कि जिला मानसिक स्वास्थ्य इकाई द्वारा मानसिक रोग की पहचान और उपचार के लिए कार्य किया जा रहा है, मानसिक रोगियों द्वारा आत्महत्या के प्रयास देखने में आए हैं इसलिए मानसिक रोगियों को हमें आत्म बल प्रदानता के लिए कार्य करना होगा।

## सार-समाचार

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज किया



कार्यक्रम में मोजूद भाविप की महिला सदस्य।

**गंगापुर सिटी ।** भारत विकास परिषद शाखा कुशालगढ द्वारा सांस्कृतिक सप्ताह के तहत दूसरे दिन महिलाओं का सांस्कृतिक कार्यक्रम भगवती पैलेस उदईमोड में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मां भारती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्रपट के समक्ष मुख्य अतिथि डॉक्टर शैल शास्त्री एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती कुसुम अग्रवाल एवं अध्यक्षता कर रही प्रांतीय बाल संस्कार प्रभारी श्रीमती स्वाति शर्मा कार्यक्रम संयोजिका रेखा जैन ने दीप प्रज्वलित कर वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। शाखा की सहसंयोजीका सीता गुप्ता ने बताया कि सभी मंचासीन अतिथियों का स्वागत कर गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम को गति प्रदान की जिसमें महिलाओं ने अपनी अपनी प्रस्तुतियां दी एवं बच्चियों ने भी अपनी प्रस्तुति देने में कोई कसर नहीं छोडी एवं सभी महिलाओं एवं अन्य शाखाओ से पधारी हुई सभी महिलाओं को गेम्स एवं अंताक्षरी के द्वारा सभी के मन को मोह लिया। अध्यक्ष श्रीमती स्वाति शर्मा ने अपने उद्बोधन में भारत विकास परिषद के मुख्य पांच बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए संपर्क सहयोग संस्कार सेवा एवं समर्पण पर संक्षिप्त रूप से समझाया एवं गंगापुर सिटी में चल रही पांचो शाखाएं अपने मेल मिलाप से कार्य कर रही है तो गंगापुर सिटी मे भारत विकास परिषद का सेवा में अग्रणीय नाम आता है और महिलाओं को इस तरह के कार्यक्रम करते रहने चाहिए। कार्यक्रम सहसंयोजीका श्रीमती साक्षी गुप्ता ने बताया कि मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को शाखा द्वारा यादगार के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं जिन महिला एवं बच्चों ने प्रस्तुतियां दी उनको भी उपहार देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन श्रीमती रेखा गुप्ता एवं श्रीमती साक्षी गुप्ता ने किया। इस कार्यक्रम में 80 महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे

### बल्देव छट्ट महोत्सव धूमधाम से मनाया

**भरतपुर ( निस )।** बासन गेट स्थित प्राचीन मंदिर श्री दाऊजी महाराज में बल्देव छट्ट महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मन्दिर श्री दाऊजी महाराज विकास के तत्वाधान में मनाया गया। अध्यक्ष गोपीलाल अग्रवाल ने बताया कि बल्देव छट्ट महोत्सव आठ दशक से मन्दिर में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता रहा है। इस अवसर पर बलदाऊ जी बाबा एवं माता रेवती को वृन्दावन में बनी मोती पण्डित पोशाक धारण कराकर भव्य अलौकिक श्रृंगार किया गया व फूल बंगला की सजावट कराई गयी। कार्यक्रम संयोजक कैलाश मित्तल ने बताया कि महाआरती दोपहर 12.15 बजे बैण्ड बाजों, झालर, घन्टा, शंखनाद की ध्वनि के साथ विधि विधान से सोनू पंडित ने कराई। महाआरती भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा अध्यक्ष सीए अतुल मित्तल व पूर्व महापौर शिवसिंह भोंट, समाजसेवी कांग्रेसी धर्मेन्द्र शर्मा, मुखर्जी नगर मण्डल अध्यक्ष रिषव काजलवाला, मोहन मित्तल, जनक बाबू शर्मा, विनोद सिंघल, महेश गोयल सर्राफ एवं महेश चौधरी के विशिष्ट आतिथ्य में हुयी। समिति के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों को पटका पहनाकर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। संचालन विष्णु लोहिया ने किया। इस मौके पर खीर, पुआ, बेढई, सब्जी आदि की प्रसादी भक्तगणों ने पाई एवं दोनों में वितरित की गई एवं माखन मिश्री की प्रसादी रात तक वितरित की गयी। इस मौके पर दामोदर लाल गर्ग, विष्णु लोहिया, रामबिहारी शर्मा, पूर्व पार्षद कन्हैयालाल, सतीश मित्तल, कृष्ण कुमार शर्मा, प्रेम गोयल, जगदीश प्रसाद डीगिया, सुरेश मित्तल, अर्जुन सहगल, दीपक सोनी, विनोद मेडीकल, राकेश गोयल, भगवानदास बंसल, राजेश सिंघल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### सांसद कार्यालय पर जनसुनवाई की

**भरतपुर ( निस )।** सोमवार को सांसद संजना जाटव ने अटल सेवा केन्द्र स्थित सांसद कार्यालय पर जनसुनवाई की। इस मौके पर करीब दो दर्जन परिवादी अपनी समस्याएं लेकर सांसद कार्यालय पंहुचे। जिस पर सांसद संजना जाटव ने एक एक परिवादी से उनकी समस्याएं सुनकर उचित समाधान का आश्वासन दिया। जनसुनवाई में किसी भी विभाग के अधिकारी के नहीं पंहुचने पर सांसद संजना जाटव ने कडी नाराजगी जताई। उनका कहना था कि जिला प्रशासन को पूर्व में ही जनसुनवाई को लेकर सूचित कर दिया गया था। लेकिन प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और किसी भी विभाग के अधिकारी को जनसुनवाई में नहीं भेजा। जिसके चलते जनसुनवाई में पंहुचने वाले फरियादियों को समस्या की जांच कर समाधान का आश्वासन दिया गया। अगर प्रशासन के द्वारा अधिकारियों को भेजा जाता तो उनसे पूछकर समस्या के कारण का पता लगाया जा सकता था। जनसुनवाई के दौरान प्रमुख रूप से जमीनी विवाद, विद्युत हाईटेंशन लाइन बदलवाने, मारपीट आदि प्रकरण आए। जिस पर सांसद ने सभी की समस्याओं को शांतिपूर्वक सुनकर उनका उचित समाधान करने का आश्वासन दिया। सांसद संजना जाटव की जनसुनवाई के दौरान कांग्रेस के पीसीसी सदस्य सतीश सोगरवाल, शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी, अवधेश त्रिगुणायत, अशोक ताम्बी, दिगम्बर खटाना आदि मौजूद रहे। इस मौके पर सांसद संजना जाटव ने कहा कि उनकी प्राथमिकता है कि जनसुनवाई में पंहुचने वाले लोगों की समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण हो।

## 'राजस्थान संपर्क पोर्टल के प्रकरणों का समय-सीमा में निस्तारण करें'

**करौली( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे प्रकरणों, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, लोकायुक्त कार्यालय, जनसुनवाई मे प्राप्त प्रकरणों का समय पर निस्तारण करने इसके अलावा ई-फाईल एवं ई-डाक की शत प्रतिशत पालना करने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर सोमवार को कलेक्टेट सभागार मे साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने बैठक में सीएमएचओ को पिछले दिनों जिले में हुई अतिवृष्टि के कारण शहर व ग्रामीण के जल भराव क्षेत्रों में मौसमी बीमारी पनपने कि संभावना रहती है इस संबंध में चिकित्सा विभाग के अधिकारीयों को सतर्क एवं सक्रिय रहकर कार्य करने,जल भराव क्षेत्रों में फोगिंग करवाने,आमजन को जागरूक कर कुलर, टायर एवं अन्य जगहों पर भरे हुए पानी को निकालने के लिए जागरूक करने,विद्युत विभाग के अधिकारी को जल जीवन मिशन के तहत बकाया कनेक्शन जारी करने,सुचारू रूप से बिजली की आपूर्ति बनाये रखने, पीएचईडी के अधिकारी को जिले मे पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में राजस्व, माइनिंग,सेल टैक्स,परिवहन एवं आबकारी विभाग को राज्य सरकार की मंशा के अनुसार शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारीयों को दिये। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चैधरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदयभनू चारण, उपखण्ड अधिकारी पिंकी गुर्जर,सीएमएचओ डॉं. दिनेश मीणा, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक गंगासहाय मीणा, कोषाधिकारी भरतलाल मीना, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा सदयस्ता अभियान को लेकर युवा मोर्चा की बैठक आयोजित



करौली भाजपा युवा मोर्चा कि बैठक मे युवाओ ने ली पार्टी की सदस्यता।

**करौली( नि.स. )।** जिला मुख्यालय स्थित एक निजी विद्यालय में भारतीय जनता युवा मोर्चा सदयस्ता अभिया न के सह सयोंजक जीतू शुक्ला के नेतृप्त में सदयस्ता अभियान को लेकर बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक मे सदस्यता अभियान युवा मोर्चा के सहसयोंजक जीतू शुक्ला नें करौली विधानसभा से अधिक से अधिक युवाओं को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने की बात कही शुक्ला ने कहा की अनेको महाविधालय परिसरों, सर्वजनिक स्थलों और पार्कों, चैराहो पर भाजपा कि रीती नीति और देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा करबाये गए देश भर में विकास कार्य के आधार पर राष्ट्र वादी विचार धारा का उदघोष करने बाले नये प्राथमिक सदस्यों को अधिक से अधिक सदयस्ता दिलवानी है। इस मोके पर करौली भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष वरुण रघुवंशी सहित करौली विधानसभा के अनेको युवाओं में शामिल बिरजू तमोली, शेरा शर्मा, नितिन शर्मा, मुन्ना प्रजापत, वेदप्रकाश,शिम्भु दयाल सैन,अर्जुन पचैरी सहित अनेको युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की जिनका सदस्यता अभियान के युवा मोर्चा सहसयोंजक जीतू शुक्ला ने सदस्यता लेने पर स्वागत कर बधाई दी।

# जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभांरभ

**सूरौठ ।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सूरौठ में सोमवार को 68 वीं जिला स्तरीय 17/19 आयु छात्रा वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शुभारंभ हुआ।

संयोजक एवं प्रधानाचार्य एम डी भावना व वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक भूपाल सिंह मीणा ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भामाशाह सुग्रीव सिंह मीणा व अध्यक्षता समाज सेवी रजनीश मीणा ने की, विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत सूरौठ सरपंच पिंकेश शर्मा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवराज मीना, थानाधिकारी सूरौठ महेश चंद मीना , पूर्व सरपंच नत्थूसिंह राजावत पुरूषोत्तम बंशीवाल, विश्राम मीणा अमरसिंह मीना, पीईईओ सूरौठ सोहन सिंह मीना ,बद्री लाल मीणा बत्तू मेम्बर मंचासिन अतिथि रहे उपस्थित,कार्यक्रम का मंच संचालन देवीसहाय शर्मा द्वारा किया गया व मुख्य अतिथि सुग्रीव मीणा ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए , खेलों में रोजगार के अवसर भी मिलने लगे हैं ,अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी रजनीश मीना ने कहा खेलों में हार जीत होती रहती है आप मेहनत करते रहें आगे बढ़ते जाएंगे , इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुग्रीव सिंह मीणा ने प्रतियोगिता के ध्वज को चढ़ाया और उद्घाटन की घोषणा की तथा खिलाड़ियों को प्रतियोगिता की शपथ दिलाई। इससे पूर्व अतिथियों ने मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलन किया ,आयोजन समिति कि संयोजक एम डी भावना शारीरिक शिक्षक भूपाल मीणा, वीरेंद्र सिंह राजावत, रविकांत उपाध्याय , सुनील रविकांत वर्मा, संजीव जांगिड़ वीरेंद्र पाराशर,ने अतिथियों का माल्यार्पण, साफा बंधन एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान- स्वागत किया इस दौरान राजकीय महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां। प्रतियोगिता के संयोजक एवं प्रधानाचार्य ने प्रतिवेदन पढ़ा बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित 68 वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता छात्रा वर्ग की बैडमिंटन ,फुटबॉल, कबड्डी सेपक टकरा ,टेबल टेनिस ,ताइक्वांडो साइकिलिंग,आदि खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही है जिसमें लगभग 74 विद्यालयों के 463 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसमें शिक्षा विभाग के 32 शारीरिक शिक्षक और अन्य कार्मिक प्रति नियुक्त किए गए हैं। रविकांत उपाध्याय, संजीव जांगिड़ व शारीरिक शिक्षक प्रशांत समाधियां ,नरेंद्र बाबा ने बताया की प्रतियोगिता के दौरान सभी खेल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर संपन्न होंगे। अंत में संयोजक एम. डी .भावना ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर लोकेश मीणा, योगेंद्र राजावत रज्जू पीटीआई कर्मजीत कौर रीता समता रहे प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच से पूर्व मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय करौली इंद्रेश तिवाडी ने खिलाड़ियों से परिचय कर सौहार्दपुन वातावरण में खेल का प्रदर्शन करें।

## किसान मोर्चा की सदस्यता अभियान बैठक संपन्न

**करौली ( नि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा करौली की सदस्यता अभियान कि बैठक कैलादेवी में किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष नेहरू सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में रखी गई।

सदस्यता अभियान के मुख्य अतिथि रिटायर्ड अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लाल सिंह शेखावत रहे एवं विशिष्ट अतिथि कैलादेवी मंडल अध्यक्ष राजेश पाल जादौन, सोशल मीडिया के जिला प्रभारी गोविंद शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा जिला सोशल मीडिया मुकेश सोनी, किसान मोर्चा के जिला मंत्री हरकेश मीणा, किसान मोर्चा के कैलादेवी मंडल अध्यक्ष रामगिलास मीणा, हंसराम मीणा रहे। इस अवसर पर किसान मोर्चा प्रभारी शेखावत ने बताया कि अधिक से अधिक संख्या में सक्रिय कार्यकर्ताओं को पार्टी का सदस्य बनाकर पार्टी को सशक्त एवं मजबूत बनाने पर जोर दिया एवं पार्टी कि रीति नीति से पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने का दिशा निर्देश दिया कैलादेवी मंडल अध्यक्ष राजेश पाल ने अपने संबोधन में प्रभारी शेखावत को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हम अपनी मेहनत और लगन के साथ में पार्टी को आगे बढ़ने का कार्य पूरी मेहनत लगन के साथ कर रहे हैं और हमारे क्षेत्र में पार्टी सशक्त और मजबूत है।

# विभिन्न मांगो को लेकर प्राध्यापक संघ ने सीएम के नाम एसडीओ को सौंपा ज्ञापन



उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौपते प्राध्यापक संघ के सदस्य।

**गंगापुर सिटी ।** सोमवार को राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ के प्रदेश स्तरीय आहान पर जिला गंगापुर सिटी में सभी उपखंड मुख्यालय पर ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्षों के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया। जिला मुख्यालय गंगापुर सिटी पर जिला संयोजक रूप सिंह मीणा, जिला सहसंयोजक बनी राम मीणा, सभा अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद शांडिल्य और जिला कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार गर्ग के नेतृत्व में लगभग सैकडो रेसला सदस्यों ने उपखंड अधिकारी को अपनी मांगों का मांग पत्र मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री के नाम सौपा। और उपस्थित सैकडो सदस्यों ने सरकार से ओपीएस बहाली की मांग की एवं यूपीएस को राजस्थान में किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं करने की मांग करते हुए सरकार को चेताया संघठन के द्वारा विभिन्न अन्य लंबित मांगों जैसे समय पर उप प्राचार्य से प्राचार्य की डीपीसी, बडी संख्या में रिक्त प्राचार्य पद की पदोन्नति, व्याख्याता से उप प्राचार्य की पदोन्नति एवं व्याख्याताओं की पदोन्नति जो की पिछले कई वर्षों से पेंडिंग चली आ रही, वेतन विसंगति को दूर किया जाना चाहिए, तीन संतान संबंधी प्रकरण का निस्तारण, गैर शैक्षणिक कार्यों से निजात टी टी टी दिलवाई जाए जिससे कि शिक्षा के मूल कार्य को किया जा सके। इसी प्रकार नादोती उपखंड पर ब्लॉक अध्यक्ष रमनलाल मीणा, चिमनलाल मीणा, हेमंत मीणा एवं राजेश के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया उपखंड वजीरपुर में उपखंड अधिकारी को वरिष्ठ सदस्य मुस्ताक अली मुकेश मीणा आदि के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया। बामनवास ब्लॉक और टोडाभीम ब्लॉक में भी दर्जनों रेसला के सदस्यों द्वारा एकत्रित होकर उपखंड अधिकारी महोदय को ज्ञापन दिया गया और अपनी मांगे नहीं मानने पर सरकार को चेताया कि 12 सितंबर को पूरे प्रदेश में एक साथ जिला स्तर पर माननीय जिला कलेक्टर महोदय को माननीय शिक्षा मंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री महोदय के नाम ज्ञापन दिया जाएगा उसके उपरांत 16 सितंबर को निदेशक कार्यालय बीकानेर के सामने अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा।

> ■ **जिला मुख्यालय गंगापुर सिटी पर जिला संयोजक रूप सिंह मीणा, जिला सहसंयोजक बनी राम मीणा, सभा अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद शांडिल्य और जिला कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार गर्ग के नेतृत्व में लगभग सैकडो रेसला सदस्यों ने उपखंड अधिकारी को अपनी मांगों का मांग पत्र मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री के नाम सौपा।**

उपखंड कार्यालय गंगापुर सिटी में ज्ञापन देते समय रेसला की महिला सदस्य श्रीमती ललिता मीणा, श्रीमती ऋतु सिंघल, श्रीमती पूजा मीणा , श्रीमती विजय श्री मीणा,श्रीमती खुशबू शर्मा, श्रीमती चेतन मीना एवं महेंद्र गुर्जर,अब्दुल रहमान, धर्मेंद्र कुमार, महेश गुप्ता ,विनोद मीणा मनोज मीणा ,मुकेश मीणा, अशोक बेस ,गिर्राज गुप्ता ,कैलाश मीना ,राजेंद्र मीना,आदि सदस्य उपस्थित थे

## कारिस बाबा की जात कर मांगी मन्नत

**करौली( नि.स. )।** जिला मुख्यालय पर तीन बड स्थित कारिस बाबा का मेला रविवार को आयोजित हुआ जिसमें स्थानीय लोगो ने बाबा कि जात की और मानवीय रोगों व जानवरों के बीमारियों के प्रकोप से बचाव कि मन्नत मांगी। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने पंगत पर प्रसादी पाई कारिस बाबा के गोठिया चिरंजी भगत ने बताया कि कारिस बाबा की जात भाद्रपद के दूसरे पखवाड़े में पंचमी को आयोजित हुई जिसमें स्थानीय लोगों ने बाबा के मंदिर पर ढोक लगाकर हारी-बीमारियों से बचाव की मन्नत मांगी। भगत ने बताया कि मेला आयोजन में चाकसू कि अलगोजा पार्टी ने कारिस बाबा मंदिर परिसर पर ढोल नगाड़ों कि धुन पर घोड़ी नृत्य, मेडी-मैडा नृत्य और देव नृत्य का आयोजन किया जिसमें कारिस देव और तेजाजी ने भगत के शरीर में आकर नाच किया इस मनोहारी और अनुपम दृश्य का स्थानीय लोगों ने आनंद उठाया। भगत ने बताया कि कारिस बाबा बिच्छू के काटे जाने, सर्पदंश, कुत्ता, बिल्ली,बंदर के काटे जाने पर बंध लगाकर इलाज करतें है। इस दिन वर्ष भर लगाए जाने वाले बंद काटे जाते हैं उन्होंने बताया कि कारिस देव जानवरों में आने वाले रोगों से बचाव करते हैं जिसके लिए लोग कारिस देव पर दूध,घी,खीर का चढ़ावा चढ़ाकर भक्तों को प्रसादी वितरित करते हैं। जिसमें हजारों लोग पंगत लगाकर प्रसादी ग्रहण करते हैं। उन्होंने बताया कि कारिस देव कि मेला आयोजन में प्रभु भगत, वेद प्रकाश के नेतृत्व में युवा मंडल और लोधा समाज का आर्थिक व शारीरिक सहयोग रहा।

# रेसला की विभिन्न मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

**भरतपुर ( निस )।** राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ (रेसला) भरतपुर के द्वारा जिलाध्यक्ष राजेश चौधरी के नेतृत्व में रेसला संगठन की विभिन्न मॉगों को लेकर एवं पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को यथावत रखने हेतु अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट भरतपुर नीरज कुमार मीणा को मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन दिये गये। ज्ञापन देकर माग की गई कि पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को यथावथ रखा जाये। नवक्रमोन्नत 3820 उच्च माध्यमिक विद्यालयों में जल्द से जल्द व्याख्याताओं के पद स्वीकृत किये जायें।

पदोन्नित उपरांत शेष उप प्राचार्यों के पदस्थापन हेतु विभाग का जबाब हलफनामा में जोधपुर उच्च न्यायालय में प्रस्तुत किया जाये। प्राचार्य एवं उप प्राचार्य की विगत दो सत्रों 2023-24 एवं 2024-25 की डीपीसी सम्पन्न करवायी जाये।

वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता पद पर विगत चार सत्रों की बकाया डीपीसी सम्पन्न करवायी जाये। व्याख्याताओं की वेतन कटौती की खेमराज रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाये। एसबीसी के शून्य मैरिट के व्याख्याताओं का स्थायीकरण किया जाये। शिक्षकों को गैर शिक्षण कार्यों से मुक्त रखा जाये ताकि शिक्षक अपने मूल कार्य शिक्षण पर ध्यान दे सकें। जिलाध्यक्ष राजेश चौधरी ने बताया कि उपरोक्त न्यायोचित मांगों को नहीं माना गया तो संगठन को मजबूरन आन्दोलन पर उतरना पड़ेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी विभाग राज्य सरकार की होगी।

ज्ञापन देने वालों में सेवर ब्लॉक अध्यक्ष शिवसिंह, ब्लॉक मंत्री ललित कुमार, ब्लॉक कोषाध्यक्ष महावीर सिंह, वरिष्ठ संगठन मंत्री पवन कुमार बघेल, वरिष्ठ रेसलियन प्रमोद कुमार लवानियां एवं अन्य कई रेसलियन साथी मौजूद रहे।

## पाँचना बाँध के पानी के बँटवारे की माँग

**भरतपुर ( निस )।** करौली जिले के पाँचना बाँध के पानी का बँटबारा करने की माँग को लेकर आगामी 14 सितम्बर को भरतपुर में होगी महत्वपूर्ण बैठक। जिसमें सत्ताधारी पार्टी भाजपा सहित अन्य दलो के नेताओं एवं सभी विधायकों को भी आमंत्रित किया गया है, इस बैठक में विभिन्न गैर राजनैतिक संगठनों सहित बयाना, रूपवास, उच्चौन, भरतपुर, वैर, भुसावर क्षेत्र के अनेक किसान हिस्सा लेगे।

किसान नेता और पूर्व जिला पार्षद इन्दल सिंह जाट ने बताया कि विधायको और अन्य प्रमुख लोगों को बैठक में भाग लेने के लिये पूर्व सांसद पंडित रामकिशन आमंत्रित कर रहे हैं। जबकि तैयारियों को लेकर समृद्ध भारत अभियान के सीताराम गुप्ता केवलादेव नेशनल पार्क और होटल व्यवसाय से जुड़े कृष्णकुमार कृष्णा, भूरा भगत सहित अन्य अनेक गणमान्य नागरिक तैयारियों को लेकर लोगों से सम्पर्क कर रहे है। इस बैठक में केवलादेव घने के गाइड और रिक्शा चालक भी प्रतिनिधि के रूप में भाग लेगे। इस बैठक में करौली, हिन्डौन क्षेत्र के लोग भी शिरकत करेंगे।

> ■ **करौली जिले के पाँचना बाँध के पानी का बँटबारा करने की माँग को लेकर आगामी 14 सितम्बर को भरतपुर में महत्वपूर्ण बैठक होगी**

इस बैठक में पाँचना बाँध के पानी का बँटबारा करने एवं भरतपुर जिले के हिस्से बाले पानी को समय समय जरूरत के वक्त गम्भीर नही में छोड़ने की माँग पर विचार किया जायेगा तथा राज्य के मुख्यमंत्री को माँग पत्र देने की रुपरेखा भी तैयार की जायेगी।

